अमर उजाला 02/09/2023

नशे से बचें युवा : खन्ना

अंबाला। कैंट गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के तंबाकू सैल एवं एनएसएस यूनिट द्वारा शॉर्ट मूवी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। कार्यवाहक प्राचार्या रचना खन्ना ने बताया कि हमारी युवा पीढ़ी को नशे से बचना चाहिए । नशा व्यक्ति के मन मस्तिष्क पर आघात करता है। प्राचार्या ने बताया कि 2023 का विश्व स्वास्थ्य संगठन का वैश्विक अभियान यही है कि भोज्य पदार्थों उगाएं तंबाकू नहीं। तंबाकू प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. सरोज बाला और डॉ. धर्मवीर ने कहा कि हमारे युवाओं का समृद्ध इतिहास है और हमारे युवाओं को उन से प्रेरणा लेनी चाहिए। संवाद